# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–08.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **नरेंद्र मोदी कल तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की भापथ, राश्ट्रपति भवन में भााम सवा सात बचे होगा भापथ ग्रहण समारोह, कई दे□ों के प्रमुख होंगे भाामिल।**
- **एनटीए ने नीट–यूजी 2024 के नतीजों में ग्रेस मार्क्स के पुनर्मूल्यांकन के लिए बनाई उच्च स्तरीय कमिटि, मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया नहीं होगी प्रभावित।**
- **राज्य के सभी सिविल कोर्ट में आज विशेष लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना बीमा से जुड़े सैकड़ों मामलों का हुआ निपटारा, मृतकों के परिजनों को मिली मुआवजा राशि।**

- **राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अगले पांच दिनों तक हीट वेव से राहत नहीं, पलामू, गढ़वा और गोड्डा समेत अठारह जिलों में आज पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड, मौसम विभग ने जारी किया अलर्ट।**

********************

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरशोर से जारी है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस ने शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए कडी सुरक्षा व्यवस्था की है। समारोह के दौरान दिल्ली के ऊपर पैराग्लाइडर, पैरामोटर्स, हैंग ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन और गर्म हवा के गुब्बारे सहित उप पारंपरिक हवाई उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंध 9 और 10 जून तक लागू रहेगा।

********************

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी नेता राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी का नेतृत्व एक मजबूत तथा सतर्क विपक्ष की भूमिका निभायेगा। इससे पहले, कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को जीत

हासिल करने के लिए बधाई दी। बैठक में पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

*******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट अंडर ग्रेजुएट 2024 देशभर में पूरी तरह से पारदर्शी रही है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने आज कहा कि इस परीक्षा का कोई पर्चा लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्न पत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एनटीए ने इन परीक्षार्थियों की शिकायतों का विश्लेषण करने के लिए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी।

******************

दुमका लोकसभा सीट के चुनाव परिणाम की समीक्षा भाजपा और झामुमो द्वारा की जा रही है।

*******************

राज्य के सभी सिविल कोर्ट में आज मोटर वाहन दुर्घटना से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस मौके पर विभिन्न बेंचों में सुलह समझौते के आधार पर वादों का निपटारा करते हुए मुआवजे की राशि का समायोजन किया गया। रांची मे विशेष लोक अदालत में एक सौ पन्द्रह मामलों में लगभग चार करोड़ सत्तासी लाख रुपए, धनबाद में छियालीस मामलों में लगभग पांच करोड़ रुपए, साहिबगंज में चार मामलों में छब्बीस लाख पचास हजार रुपए, रामगढ़ में छह मामलों में लगभग छियासठ लाख रुपए, लोहरदगा में पांच मामलों में चालीस लाख रुपए और गुमला में बाईस मामले में ड़ेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा मुआवजा के रुप में मोटर दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को बीमा कंपनियों द्वारा दिया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश–सह–राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मोटर वाहन दुर्घटना वादों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत लगाया गया था।

*******************

सरायकेला–खरसांवा जिला प्रशासन ने सरायकेला प्रखंड स्थित तितिरबिला गांव में सड़क निर्माण का विरोध और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसके साथ पूरे इलाके में पुलिस बलों की तैनाती के बीच सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इधर, ग्रामीणों ने एसडीओ से मुलाकात कर जमीन अधिग्रहण तथा बाइपास रोड का निर्माण कार्य रोकने की मांग की।

********************

आकाशवाणी दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों के राष्ट्रपति भवन में कल शाम सवा सात बजे से आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की रनिंग कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। इस वजह से प्रादेशिक समाचार एकांश, रांची से संध्याकालीन समाचार बुलेटिन का प्रसारण संध्या सात बजे की बजाय छह बजकर पच्चीस मिनट से होगा। वहीं, जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पैंतीस मिनट से छह बजकर चालीस मिनट तक होगा।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अगले पांच दिनों तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, राज्य के चौदह जिलों में आज अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। इसमें सबसे ज्यादा चौवालीस डिग्री सेल्सियस पारा पलामू का रहा, जबकि गढ़वा में तैंतालीस दशमलव नौ, गोड्डा में बयालीस दशमलव नौ, देवघर में बयालीस दशमलव आठ, सरायकेला में बयालीस दशमलव एक, जामताड़ा और रामगढ़ जिले में इकतालीस दशमलव आठ ड़िग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग ने राज्य में मॉनसून के पन्द्रह जून के आसपास प्रवेश करने का पुर्वानुमान जारी किया है।

********************

**कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद के राजनीतिक हालात की जानकारी दी।
- सिंहभूम लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित झामुमो सांसद जोबा मांझी ने आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जोबा मांझी को जीत के लिए बधाई दी।
- झारखंड उच्च न्यायालय में दस जून से सामान्य रूप से सूचीबद्द मामलों की सुनवाई शुरू होगी। उच्च न्यायालय में बीस मई से सात जून तक ग्रीष्मावकाश था।
- गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने पचंबा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव को भू–माफियाओं के साथ सांठगांठ के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया है। मंटू कुमार नए थाना प्रभारी बनाए गए हैं।
- जमशेदपुर के बिष्टुपुर में दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है।
- हजारीबाग शहर के एक ज्वेलरी दुकान में इस वर्ष सोलह मार्च को हुए लूट में शामिल पांच लुटेरोंको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरों के पास से लूटे गए जेवर और हथियार भी पुलिस ने बरामद किया है।

**********समाप्त**********